प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.10.2023 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर व्यापक स्वच्छता अभियान में देशवासियों ने की भागीदारी, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा सहित कई नेताओं ने की साफ सफाई।
2. जेपीएससी से चयनित 47 सहायक अभियंता और जेएसएससी कंबाइंड इन्टरमीडिएट भर्ती परीक्षा के 46 अभ्यर्थियों को 3 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।
3. मैट्रिक परीक्षा 2025 के पंजीयन और नौंवी बोर्ड परीक्षा फार्म 28 अक्टूबर तक भरे जाएंगे, झारखंड एकेडमिक कॉउंसिल ने जारी की अधिसूचना।
4. चीन के होंगझोउ एशियन गेम्स में आज भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण और 2 रजत मेडल जीता, 11 स्वर्ण, 16 रजत और 14 कांस्य के साथ पदकों की संख्या पहुंची इकतालीस।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज देशभर में लोगों ने व्यापक स्वच्छता अभियान में भागीदारी की। प्रधानंमत्री ने महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों से स्वच्छता अभियान के लिए आज सुबह 10 बजे से एक घंटे तक श्रमदान की अपील की थी। इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों ने बाजार परिसरों, रेल–पटरियों, जलाशयों, पर्यटन और पूजा–स्थलों सहित सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य में भागीदारी की। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भी आज दिल्ली में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। थलसेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों ने भी आम जनता के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में उत्साहपूर्ण भागीदारी की। इस अभियान में देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के छह लाख 40 हजार से अधिक स्थलों पर श्रमदान हुआ। लगभग एक लाख आवासीय इलाकों में आवासीय कल्याण समितियों ने श्रमदान में भागीदारी की। इस अभियान में, देश भर के लगभग 35 हजार आंगनवाड़ी केंद्रों के रखरखाव की जिम्मेदारी के लिए ग्रामीण समुदाय आगे आया हैं। इधर रांची में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा सहित कई नेताओं ने की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील की

*********************

झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग सहायक अभियंता सीधी भर्ती परीक्षा 2018 और 2019 के सैंतालिस सफल अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 3 अक्टूबर को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। सरकार के अवसर सचिव मनोहर मरांडी ने बताया कि नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में एक बजे से होगा। इसी कार्यक्रम में झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमीशन कंबाइंड इंटरमीडिएट एग्जाम 2017 के 46 सफल अभ्यर्थियों को भी मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

*********************

राज्यभर में डेंगू के कल 57 नए मरीज मिले हैं, इसमें सबसे अधिक 43 मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले से हैं। रांची में चिकनगुनिया का एक मरीज मिला है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में 66 डेंगू के एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग ने डेंग और चिकनगुनिया से बचाव के लिए विशेष संदेश जारी किया है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर आज आकाशवाणी रांची में स्वच्छता अभियान चलाया गया । केंद्र प्रमुख डी.सी. हेम्ब्रम और नोडल अधिकारी ए.पी. सिंह के नेतृत्व में केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आकाशवाणी परिसर की साफ–सफाई की । आकाशवाणी कलस्टर के अन्य केंद्रों–जमशेदपुर, चाईबासा हजारीबाग, डाल्टेनगंज और धनबाद में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया ।आकाशवाणी रांची के केंद्र प्रमुख डी.सी. हेम्ब्रम ने केंद्र के अधिकारियों कर्मचारियों से अपील की कि अपने–अपने क्षेत्रों में अन्य लोगों को भी सफाई के लिए प्रेरित करें––

आकशवाणी रांची के नोडल अधिकारी ए.पी. सिंह ने बताया कि झारखंड के अन्य एलआरएस केंद्रों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान के तहत साफ–सफाई किया–

यह लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने की एक बड़ी पहल है।

*********************

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आज से सात अक्टूबर तक राज्यभर में वन्यप्राणी सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि हम सब वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सभी झारखंडवासी वन्यप्राणियों की सुरक्षा और संरक्षण में सहभागी बनें।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

राज्य में मैट्रिक परीक्षा 2025 के लिए विद्यार्थियों का पंजीयन और वर्ष 2024 के नौवीं बोर्ड परीक्षा के आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से जारी दिशा–निर्देश में कहा गया है कि पंजीयन और परीक्षा फॉर्म 28 अक्टूबर तक जैक की वेबसाइट पर ऑनलाइन भरा जाएगा। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन करने पर विलंब शुल्क देना होगा। वर्ष 2025 की मैट्रिक परीक्षा के लिए नौवीं बोर्ड परीक्षा पास होना अनिवार्य कर दिया गया है।

*********************

आकांक्षी जिला खूंटी में लगातार विभिन्न प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को स्वरोजगार मुहैया कराया जा रहा है।

*********************

ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन नई दिल्ली के बिहार एवं झारखंड राज्य के डीलर प्रतिनिधियों का सम्मेलन आज देवघर में किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनमोहन प्रसाद ने बताया इस सम्मेलन में करीब दो हजार प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

*********************

जमशेदपुर के सोन मंडप सिदगोड़ा में नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं अपोलो अस्पताल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त मनोज कुमार, जुस्को के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित किया।

**********************

राउरकेला स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग के कारण भुवनेश्वर धनबाद स्पेशल ट्रेन आज से चौदह अक्टूबर तक के लिए रद्द रहेगी जबकि धनबाद भुवनेश्वर एक्सप्रेस 15 अक्टूबर तक रद्द रहेगी। धनबाद एलेप्पी एक्सप्रेस आज से आठ अक्टूबर तक और आठ अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग निदादावोलू–भीमराव टाउन गुड़ीवादा–बिजयवाड़ा होते हुए चलेगी।

**********************

चीन के होंगझोउ में चल रहे एशिआई खेल 2023 के आठवें दिन आज भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम इंडिया को एक और गोल्ड के साथ दो सिल्वर मेडल भी मिला। भारतीय शूटर के चेनाई, पृथ्वीराज टोंडिमन और जोरावर सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता. वहीं विमेंस टीम ने सिल्वर अपने नाम किया। भारत को गोल्फ में भी सिल्वर मेडल मिला है। भारत ने शूटिंग में 7वां गोल्ड जीता है। भारत ने मौजूदा एशियाई खेलों में 11 स्वर्ण, 16 रजत और 14 कांस्य के साथ अपने कुल पदकों की संख्या 41 तक पहुंचा दी है। भारत फिलहाल स्कोरबोर्ड पर चौथे स्थान पर है।

*******समाप्त*************